**भारत सरकार**
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 1543**
**दिनांक 13 फरवरी, 2025**

**हजीरा में आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र की स्थापना**

**†1543. श्री परषोत्तमभाई रुपाला:**

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गुजरात के हजीरा में आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र की स्थापना के संबंध में अब तक कितनी प्रगति हुई है;

(ख) उक्त केंद्र का कार्य कब तक पूरा होने की संभावना है;

(ग) क्या इस संबंध में गुजरात राज्य सरकार के साथ कोई संवाद किया गया है/किए जाने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री सुरेश गोपी)**

(क) से (घ): वर्ष 2010 में एमबी लाल समिति की सिफारिश पर हजीरा में ऑयल और नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन (ओएनजीसी) द्वारा एक आपातकालीन प्रतिक्रिया केन्द्र (ईआरसी) स्थापित किया जाना था, जिसके लिए ओएनजीसी ने परियोजना को सैद्धांतिक स्वीकृति दे दी थी। सार्वजनिक क्षेत्र के तेल और गैस उपक्रमों, जिन्हें ईआरसीज स्थापित करने का कार्य सौंपा गया था, ने तेल उद्योग सुरक्षा निदेशालय (ओआईएसडी), पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अधीन एक तकनीकी निदेशालय, की सेफ्टी काउंसिल को ईआरसी की संकल्पना से जुड़ी सीमाओं के बारे में बताया है क्योंकि इसी अवधि के दौरान तब से बेहतर और सस्ते विकल्प उपलब्ध हो गए हैं। तद्नुसार इस विषय पर पूरी जाँच करने और उपयुक्त कार्रवाई का सुझाव देने के लिए एक उद्योग समिति का गठन कर दिया गया है। अब तक, समिति की रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है।

*****